न्यायालय, सब जज–तृतीय, डुमरॉव, बक्सर।

टी0एस0–229/1995

24.05.2023

वादी एवं प्रतिवादी की पैरवी है। वादी की ओर से आवेदन दिनांक–14.12.2022 को दाखिल किया गया। उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्ता के सुनवाई उपरांत आदेश हेतु नियत है।

आदेश

वाद पुकार पर उभय पक्ष के विद्वान अधिववक्ता न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। वाद सुनवाई के दौरान वादी के विद्वान अधिवक्ता का कहना है कि उपरोक्त वाद में वादी के तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रार्थी के द्वारा कागजातों के सूचि दिनांक–19.05.2014 के साथ चन्द कागजात जो तीसों वर्ष से पुराना मूल दस्तावेज है वो पब्लिक दस्तावेज है दाखिल किया जा चुका है। उपरोक्त सभी दस्तावेज वाद में वादी के तरफ से प्रदर्श चिन्हित किया जाना अति आवश्यक है। वादी द्वारा निम्न कागजात दाखिल किया गया है जो 30 वर्ष पुराना है।

1. लगान की रसीद दिनांक–27.03.1973 मौजा ब्रहमपुर अंचल ब्रहमपुर
2. निबंधित केवाला दस्तावेज दि0–11.07.1967 राम नरेश ओझा बनाम दु0 यशोदा देवी
3. निबंधित केवाला दस्तावेज दि0–11.07.1967 भगवत शरण ओझा बनाम् दु0 यशोदा देवी
4. निबंधित केवाला दस्तावेज दि0–11.07.1967 रामाधार ओझा बनाम् दु0 यशोदा देवी

न्मिन दस्तावेज लोक दस्तावेज है–

1. बजाप्ता नकल निर्णय माननीय उच्च न्यायालय, पटना क्रिमनल पुनरीक्षण वाद सं0–2902 सन् 1967 मारकण्डेय सिंह बनाम् सुदामा सिंह
2. नकल बजाप्ते इनफारमेशन आवेदन मौजा ब्रहम्पुर थाना डुमरॉव दि0–05.05. 1977
3. नकल बजाप्ते आदेश बईजलास कार्यपालक दण्डाधिकारी बक्सर Tr.No-137 सन् 1959 मारकण्डेय सिंह बनाम सुदामा सिंह

4. नकल बजाप्ते आदेश दि0—30.09.1978 मुकदमा नं0—133 सन् 1976 मारकण्डेय सिंह बनाम सुदामा सिंह
5. नकल बजाप्ते आदेश माननीय उच्च न्यायालय पटना मुतफरका नंबर 8565 सन् 1986 राधा मोहन सिंह बनाम मारकण्डेय सिंह
6. बईजलास जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोजपुर आरा क्रिमिनल रिभिजन नंबर 25 सन्1956 राधा मोहन सिंह बनाम मारकण्डेय सिंह
7. असल रैयती सर्वे खतियान मौजा ब्रहम्पुर थाना ब्रहम्पर रैयत रामनरेश ओझा
8. असल हाल सर्वे खतियान मौजा ब्रहम्पुर रैयती रामाधार ओझा
9. असल रैयती पर्चा मौजा ब्रहम्पुर अंचल ब्रहम्पुर रैयत राम नरेश ओझा
10. असल रैयती खतियान रैयत रामाधार ओझा
11. अंचल कार्यालय ब्रहम्पुर दाखिल खारिज वाद सं0—319 सन् 1976 राधा मोहन सिंह के नाम से
12. नकल बजाप्ते अंचल निरीक्षक प्रतिवेदन
13. नकल बजाप्ते रजिस्टर—2 मौजा ब्रहम्पुर, अंचल ब्रहम्पुर
14. नकल बजाप्ते पुराना सर्वे खतियान मौजा ब्रहम्पुर थाना ब्रहम्पुर अंचल ब्रहम्पुर जिला भोजपुर आरा खाता नंबर—331, 336 वो 340 वो हिन्दी अनुवाद।

अतः श्रीमान् से प्रार्थना है कि उपरोक्त वाद में कागजातों की सूचि के साथ दाखिल कागजातो को बतौर तीस वर्ष से पुराना मूल दस्तावेज वो लोक दस्तावेज के रूप में वादी के विद्वान अधिवक्ता के तरफ से प्रदर्श निन्हित किये जाने का प्रार्थना करते है।

प्रतिवादी को प्रतिउत्तर दाखिल करने हेतु अन्तिम अवसर दिया गया है उसके बावजूद भी प्रतिवादी द्वारा प्रतिउत्तर दाखिल नहीं किया गया है इसलिए प्रतिवादी को प्रतिउत्तर दाखिल करने से वंचित किया जाता है।

उभय पक्ष को सुना एवं संपूर्ण अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद में वादी के द्वारा लिस्ट ऑफ डाकूमेन्ट के साथ दस्तावेजों को दाखिल किया गया है जिसमें कुछ दस्तावेज 30 वर्ष पुराने तथा कस्टडी प्रूफ की श्रेणी में आते हैं तथा शेष जो दस्तावेज है वो लोक दस्तावेज की श्रेणी में आते हैं। ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वादी के द्वारा दाखिल किए गए सभी कागजातों को प्रदर्श अंकित करने का आदेश दिया जाता है।

वाद दिनांक—..........................वास्ते अग्रिम कार्यवाही।

लेखापित

सब जज—तृतीय